भारत सरकार

खान मंत्रालय

लोक सभा

अतारांकित प्रश्न सं.3700

दिनांक 18.12.2024 को उत्तर देने के लिए

स्वच्छता ही सेवा, 2024 अभियान

†3700 श्री बिद्युत बरन महतो:

श्रीमती कमलेश जांगड़े:

श्री लुम्बा राम:

श्री अनुराग शर्मा:

क्या खान मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) स्वच्छता ही सेवा, 2024 अभियान के अंतर्गत 510 कार्यक्रमों का ब्यौरा क्या है और इन कार्यक्रमों में समुदायों के कितने सदस्यों ने भाग लिया और उनकी प्रभावशीलता के बारे में क्या प्रतिक्रिया प्राप्त हुई है;

(ख) क्या इन आयोजनों के दौरान सफाई मित्रों को कोई सम्मान अथवा सहायता प्रदान की गई थी और यदि हां, तो यह उनके योगदान को किस प्रकार दर्शाता है;

(ग) क्या सरकार ने स्वच्छता ही सेवा, 2024 अभियान के अंतर्गत जांजगीर, चम्पा में कोई कार्यक्रम आयोजित किया है;और

(घ) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

उत्तर

कोयला और खान मंत्री

(श्री जी. किशन रेड्डी)

(क) खान मंत्रालय और इसके क्षेत्रीय संगठनों ने देश भर में कुल 609 कार्यक्रम आयोजित कर स्वच्छता ही सेवा, 2024 अभियान में सक्रिय रूप से भाग लिया जिनका ब्योरा अनुलग्नक-I में दिया गया है और स्वच्छता ही सेवा पोर्टल में विधिवत दिया गया है। इन कार्यक्रमों में जिला और स्थानीय प्राधिकरणों, सेना, पुलिस और स्थानीय समुदाय के सदस्यों सहित 40,830 लोगों ने भाग लिया। कार्यक्रमों के बारे में सर्वसम्मति बहुत सकारात्मक और उत्साहजनक है।

(ख) खान मंत्रालय ने अपने क्षेत्रीय संगठनों के सहायोग से स्वच्छता ही सेवा अभियान के दौरान सफाई मित्रों के बहुमूल्य योगदान को माना। उनके समर्पण को सम्मानित करने के लिए निवारक स्वास्थ्य जांच शिविर तथा पीपीई किट और सुरक्षा सामग्री वितरित कर विशेष पहल की गईं। इसके

अतिरिक्त, स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय तथा विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) के अधिकारियों के सहयोग से टीबी जांच शिविर लगाया गया जिसमें सफाई मित्रों के स्वास्थ्य और कल्याण की सुरक्षा के महत्व पर जोर दिया गया और सभी सफाई मित्रों को उनकी सेवाओं के सम्मान में प्रमाण पत्र प्रदान किए गए। इसके अलावा, सभी सफाई मित्रों को जूते, टी-शर्ट और टोपियां भी वितरित की गईं।

(ग) और (घ) एसएचएस 2024 पोर्टल पर उपलब्ध ब्योरे के अनुसार, इस अभियान के दौरान जांजगीर चम्पा में कोई कार्यकलाप नहीं किये गये।

*****

अनुलग्नक-I

क्र.सं.	**कार्यक्रम का नाम**	**चिह्नित कार्यक्रमों की संख्या**	**आयोजित कार्यक्रमों की संख्या**	**सामुदायिक भागीदारी**
1	स्वच्छता लक्ष्य इकाई (सीटीयू)	52	51	3915
2.	सामूहिक स्वच्छता अभियान	75	75	3651
3.	स्वच्छता में जनभागीदारी	337	336	24478
4	सफाई मित्र सुरक्षा शिविर	53	53	2472
5	स्वच्छ खाद्य स्ट्रीट	1	0	0
6.	स्वच्छ भारत सांस्कृतिक उत्सव	12	12	686
7.	इक पेड़ मां के नाम	66	66	4245
8	अपशिष्ट से कला प्रतिष्ठान	16	16	1383
	कुल	**612**	**609**	**40,830**